# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org


पत्रांक संख्या–1405/24 दिनांक 22.02.24

सेवा में,

**प्रबन्धक/प्रधानाचार्य**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उ0प्र0

**विषय–समस्त डिप्लोमा नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू किये जाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि सभी नर्सिंग और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करते हुये प्रतिदिन उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी को बायोमेट्रिक उपस्थिति निर्धारित सर्वर पर डाटा उपलब्ध कराने हेतु तकनीकी दिशा–निर्देश एवं सर्वर विवरण के संबंध में पत्र संख्या–4227/22 दिनांक 02 मई, 2022 (प्रति संलग्न) तथा पत्र संख्या–4548/22 दिनांक 11 मई, 2022 (प्रति संलग्न) को प्रेषित किया गया है जिस पर तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

आपके प्रशिक्षण केन्द्र के छात्र/छात्राओं की दैनिक उपस्थिति देखने के लिये कार्यालय द्वारा निर्मित पोर्टल पर लॉगिन क्रेडेंशियल पूर्व में उपलब्ध कराये जा चुके है। परन्तु उच्च स्तर पर की गयी समीक्षा में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कुल पंजीकृत प्रशिक्षण केन्द्रों में से अभी भी कतिपय प्रशिक्षण केन्द्र ही उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा निर्धारित सर्वर पर प्रतिदिन दैनिक बायोमेट्रिक उपस्थिति अपलोड कर रहे हैं, जबकि अन्य द्वारा प्रतिदिन अपलोड नहीं की जा रही है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि माह मार्च–2024 से बायोमेट्रिक उपकरण के माध्यम से ही उपस्थिति स्वीकार्य होगी अन्य माध्यम से भेजी गयी उपस्थिति किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं की जायेगी। बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु अर्ह उपस्थिति की ही गणना की

....2

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ — 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या—.................. दिनांक ..................



जायेगी। यदि किसी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो ऐसे प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा कार्यालय द्वारा नहीं करायी जायेगी एवं इसका समस्त उत्तरदायित्व प्रशिक्षण केन्द्र का होगा।

उपरोक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सभी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र निम्नलिखित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें —

1. परिसर में जहाँ बायोमेट्रिक उपस्थिति उपकरण नही है वहाँ तत्काल स्थापित कर क्रियाशील करें एवं जहाँ स्थापित है उसे क्रियाशील करना सुनिश्चित करें।
2. उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा निर्धारित सर्वर पर डाटा अपलोड करने में यदि कोई भी समस्या होती है तो अपने विक्रेता के साथ संपर्क करके समाधान कराना सुनिश्चित करें।
3. बायोमेट्रिक उपस्थिति उपकरण के एप्लीकेशन साफ्टवेयर में शेड्यूलर की सुविधा होती है जिसके उपयोग से डाटा स्वयं ही डाउनलोड होकर उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा निर्धारित सर्वर पर अपलोड हो जायेगा। जिसके लिये आपको बायोमेट्रिक उपस्थिति उपकरण तथा इसके एप्लीकेशन साफ्टवेयर को ऑन रखना होगा।

अतः सभी संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र प्रत्येक दशा में 15 मार्च, 2024 तक उपरोक्त कार्यवाही को करते हुए कार्यालय को तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें।

बायोमेट्रिक उपस्थिति से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर आप नीचे दिये गये कार्यालय कर्मचारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

**संलग्नक—उपरोक्तानुसार ।**

सम्पर्क सूत्र —
नाम—मोहम्मद तारिक
मो0 नं0 7668334590

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–4548/22 दिनांक 11.05.2022

<u>तत्काल / अति महत्वपूर्ण</u>

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
(शासकीय एवं निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

**विषय–बायोमैट्रिक उपस्थिति भेजने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–4227 / 22 दिनांक 02.05.2022 (छायाप्रति संलग्न) के क्रम में सूचित करना है कि प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा कार्यरत ट्यूटर / शिक्षकों को अपडेट (कार्यरत ट्यूटर / शिक्षकों को जोड़ने एवं हटाने) सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए संस्थानों में कार्यरत टीचिंग फैकल्टी एवं प्रशिक्षणरत छात्र / छात्राओं की उपस्थिति प्रतिदिन बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से इस कार्यालय में भेजने सम्बन्धी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था।

इस सम्बन्ध यह ज्ञात हुआ है कि संस्थानों द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति कम दर्ज हो रही है। अतः समस्त संस्थानों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने स्तर से बायोमैट्रिक मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए लाइव उपस्थिति (LIVE ATTENDANCE) दर्ज कराकर उपरोक्तानुसार कार्यवाही 02 कार्य दिवसों में कराना सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा कार्यरत ट्यूटर / शिक्षकों एवं छात्र / छात्राओं की बायोमैट्रिक उपस्थिति भेजने हेतु | |
|---|---|---|
| 1. | ट्यूटर पैनल पर प्रदर्शित ट्यूटर / शिक्षकों की ट्यूटर आई0डी0 (T000000XXXXX) हेतु | बायोमैट्रिक मशीन में सम्बन्धित ट्यूटर / शिक्षकों को ट्यूटर आई0डी0 (T000000XXXXX) द्वारा रजिस्टर करें। |
| 2. | एनरोलमेन्ट पैनल पर उपस्थित एनरोलमेन्ट नम्बर (20123456XXXXX) हेतु | बायोमैट्रिक मशीन में सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को एनरोलमेन्ट आई0डी0 (20123456XXXXX) द्वारा रजिस्टर करें। |

**नोट**–प्रशिक्षण केन्द्र बायोमैट्रिक उपस्थिति कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक BIOMATRIC ATTENDANCE LOGIN PANEL द्वारा <u>**सेंटर कोड**</u> एवं <u>**पासवर्ड (123)**</u> के साथ अवलोकन कर सकते हैं।

आपके प्रशिक्षण केन्द्र की बायोमैट्रिक उपस्थिति इस कार्यालय को प्राप्त न होने की दशा में सम्बन्धित संस्थान पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–4227/22 दिनांक 02/05/2022

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
(शासकीय एवं निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

**विषय–बायोमैट्रिक उपस्थिति भेजने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि कार्यालय के पत्रांक संख्या–1233 / 22 दिनांक 16.02.2022 एवं पत्र सख्या–3666 / 22 दिनांक 19.04.2022 के क्रम में सूचित करना है कि प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा ट्यूटर पैनल पर उपलब्ध ट्यूटर / शिक्षकों का सत्यापन किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने पर यह संज्ञान में आया कि विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में ट्यूटर / शिक्षकों की उपलब्धता बहुत ही कम है।

अतः सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने ट्यूटर पैनल पर अपने प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत ट्यूटर / शिक्षकों को अपडेट (कार्यरत ट्यूटर / शिक्षकों को जोड़ने एवं हटाने) सम्बन्धी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

वर्तमान में तत्काल प्रभाव से आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थानों में कार्यरत टीचिंग फैकल्टी तथा प्रशिक्षणरत छात्र / छात्राओं की 'LIVE' उपस्थिति प्रतिदिन बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। इस हेतु आप अपने स्तर से बायोमैट्रिक मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपस्थिति दर्ज कराकर उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। बायोमैट्रिक उपस्थिति हेतु सर्वर सम्बन्धित विवरण व तकनीकी निर्देश संलग्न हैं।

यदि आपके प्रशिक्षण केन्द्र की बायोमैट्रिक उपस्थिति इस कार्यालय को प्राप्त न होने की दशा में सम्बन्धित संस्थान पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा।

**संलग्नक**–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# तकनीकी विवरण

प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा इस कार्यालय को बायोमैट्रिक उपस्थिति उपलब्ध कराने की दो विधियाँ सुनिश्चित की गई हैं जो निम्नलिखित हैं –

- प्रथम विधि के अनुसार छात्र/छात्राओं/शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दो भागों में कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेंगी।
    - प्रथम भाग में छात्र/छात्राओं/शिक्षकों का केवल बायोमैट्रिक पंच विवरण **Biomatric_Punch_Details** नामक SQL टेबल में उपलब्ध कराया जायेगा।
    - द्वितीय भाग में छात्र/छात्राओं/शिक्षकों की पंच करते समय की फोटो **Biomatric_Punch_Details_Photograph** नामक SQL टेबल में उपलब्ध करायी जायेंगी।
- द्वितीय विधि के अनुसार छात्र/छात्राओं/शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति का पंच विवरण तथा पंच करते समय की फोटो दोनों एक ही बार में **Biomatric_Punch_Details_Combined** नामक SQL टेबल में उपलब्ध कराया जायेगा।

# सर्वर विवरण

- **IP:103.231.8.75:18777** / 103.231.8.75,18777
- **Datebase: upsmfac_biomatric**

| क्र0 सं0 | | | विवरण | SQL टेबल का नाम | SQL टेबल के कॉलम का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम विधि | SQL UserName / Password: Biomatric_User_1 / @UpSmfBiomatric#2022 | | | |
| | | भाग–1 | छात्र/छात्राओं/शिक्षकों का केवल बायोमैट्रिक पंच डाटा हेतु | **Biomatric_Punch_Details** | [EnrollmentNo] [varchar](20) NOT NULL,<br>[DeviceId] [varchar](20) NOT NULL,<br>[PunchTime] [datetime] NOT NULL,<br>[MatchId] [varchar](30) NOT NULL |
| | | भाग–2 | छात्र/छात्राओं/शिक्षकों की पंच करते समय की फोटो डाटा हेतु | **Biomatric_Punch_Details_ Photograph** | [EnrollmentNo] [varchar](20) NOT NULL,<br>[DeviceId] [varchar](20) NOT NULL,<br>[PunchTime] [datetime] NOT NULL,<br>[MatchId] [varchar](30) NOT NULL,<br>[Photo] [varbinary](max) |
| 2. | द्वितीय विधि | SQL UserName / Password: Biomatric_User_2 / @UPsmFBiomatric$22 | | | |
| | | | छात्र/छात्राओं/शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति एवं पंच करते समय की फोटो डाटा हेतु | **Biomatric_Punch_Details_ Combined** | [EnrollmentNo] [varchar](20) NOT NULL,<br>[DeviceId] [varchar](20) NOT NULL,<br>[PunchTime] [datetime] NOT NULL,<br>[Photo] [varbinary](max) |